रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की 23 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

रिलायंस लाइफ में निप्पॉन का दांव

बीएस संवाददाता
मुंबई, 24 नवंबर

साथ चलने का मजबूत हौसला

- इस लेनदेन के बाद बीमा कंपनी का मूल्यांकन 9847 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा और निप्पॉन लाइफ की हिस्सेदारी इस बीमा कंपनी में 49 फीसदी हो जाएगी
- जापानी कंपनी कुल मिलाकर रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की 23 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी पर 2265 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है
- रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस का नया बिजनेस प्रीमियम सितंबर तिमाही में 601 करोड़ रुपये रहा और प्रबंधनाधीन संपत्तियां 15,524 करोड़ रुपये रहीं

रिलायंस कैपिटल अपनी जीवन बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की 23 फीसदी हिस्सेदारी जापान की संयुक्त उद्यम साझेदार निप्पॉन लाइफ को 2265 करोड़ रुपये में बेचेगी। इस लेनदेन के बाद बीमा कंपनी का मूल्यांकन 9847 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा और निप्पॉन लाइफ की हिस्सेदारी इस बीमा कंपनी में 49 फीसदी हो जाएगी।

रिलायंस कैपिटल ने कहा कि यह सौदा इस वित्त वर्ष में पूरा होने की संभावना है, जो नियामकीय मंजूरी पर निर्भर करेगा। इस सौदे के बाद बीमा कंपनी का नाम रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस हो जाएगा। एक बयान में रिलायंस कैपिटल ने कहा कि निप्पॉन लाइफ ने रिलायंस लाइफ में अपनी हिस्सेदारी मौजूदा 26 फीसदी से बढ़ाकर 49 फीसदी करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रिलायंस लाइफ रिलायंस कैपिटल लिमिटेड का एक हिस्सा है।

रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी ने कहा, हमें प्रसन्नता हो रही है कि दोनों कंपनियों के बीच संबंध अब समान साझेदारी तक बढ़ चला है और निप्पॉन लाइफ अपनी हिस्सेदारी हमारी संपत्ति प्रबंधन कारोबार में बढ़ाने के बाद अब जीवन बीमा कारोबार में 49 फीसदी तक कर रही है। उन्होंने कहा कि जीवन बीमा रिलायंस कैपिटल के प्रमुख कारोबारों में से एक है और हमारा मानना है कि निप्पॉन लाइफ का 125 सालों का अनुभव इस क्षेत्र में हमारी बढ़त की रफ्तार को और आगे बढ़ाएगा।

दोनों कंपनियों के निदेशक मंडलों निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस और रिलायंस कैपिटल ने जापानी साझेदार की तरफ से हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, लेकिन यह नियामकीय मंजूरी पर निर्भर करेगी।

जापानी कंपनी कुल मिलाकर रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की 23 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी पर 2265 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है और अब इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 49 फीसदी हो जाएगी।

रिलायंस लाइफ के बयान में कहा गया है, निप्पॉन लाइफ का निवेश रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मूल्यांकन को तीन गुने से ज्यादा पर पहुंचा रहा है, जो देश में किसी भी बीमा कंपनी का अब तक का सर्वोच्च मूल्यांकन है।

इसके अलावा इस लेनदेन के तहत निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की 49 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण पर 5327 करोड़ रुपये का निवेश किया होता। साथ ही इसने रिलायंस कैपिटल ऐसेट मैनेजमेंट में 49 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण पर 3303 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है और इस तरह से इसका कुल निवेश 8630 करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा।

निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष योशिनोबू ने कहा, अतिरिक्त निवेश न सिर्फ विगत की कोशिशों व पहल को प्रतिबिंबित करता है बल्कि आने वाले दिनों में दोनों कंपनियों के बीच अच्छे संबंधों को भी बताता है और हमें प्रसन्नता है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के जरिए अपने संबंध और मजबूत बनाएंगे। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस का नया बिजनेस प्रीमियम सितंबर तिमाही में 601 करोड़ रुपये रहा और प्रबंधनाधीन संपत्तियां 15,524 करोड़ रुपये रहीं। इस अवधि में कर पश्चात मुनाफा 15.1 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 52.5 करोड़ रुपये रहा था।